तापमान
अधिकतम 37 .6 डिग्री
न्यूनतम 19 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 17 जून 2026

14 रिहायशी कॉलोनियों से गंदगी हटाने पर कसरत, हर वार्ड में बनेगी निगरानी कमेटी



14 शहीद स्मारक के ओपन एयर थियेटर पर बिखरेगी शौर्य की रंगीन आभा



## खबर संक्षेप

### पश्चिमी यमुना नहर से मिला युवक का शव

**इंद्री।** इंद्री के गांव बढेडी के समीप पश्चिमी यमुना नहर से एक युवक का शव मिला। नहर के किनारे से गुजर रहे राहगीरों ने जैसे ही शव को पानी में तैरता हुआ देखा तो तुरंत इसकी सूचना डायल-112 और इंद्री पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम और इंद्री पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों की सहायता से शव को नहर से बाहर निकलवाया। जांच के दौरान मृतक की पहचान यमुनानगर निवासी अतीतेश के रूप में हुई। इंद्री थाने से मौके पर पहुंचे जांच अधिकारी जितेंद्र ने बताया कि पुलिस को पश्चिमी यमुना नहर में शव होने की सूचना मिली थी।

### अवैध देसी कट्टा और जिंदा राउंड के साथ युवक काबू

**यमुनानगर।** सीआईए वन पुलिस टीम ने गांव दुसानी के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देसी कट्टा व जिंदा राउंड बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सीआईए वन पुलिस टीम में तैनात सिटी कमलदीप ने सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह देर शाम टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव दुसानी के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है।

### 13 ग्राम हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**अंबाला।** ऑपरेशन मैदान अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को तोड़ते हुए 13 ग्राम हेरोइन मामले में मोटरसाईकिल सवार आरोपी सागर कुमार निवासी टंकी मौहल्ला को टांगरी नदी से काबू किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी सागर नशे की तस्करी करता है। इसी आधार पर पुलिस के एएनसी सैल ने नाकाबंदी कर आरोपी को हेरोइन समेत काबू किया है।

### इसराना में बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन

**इसराना।** ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन ने इसराना पावर हाउस परिसर में हरियाणा एग्रो डिस्कॉम के नोटिफिकेशन के विरोध में प्रदर्शन किया। यूनियन के सब यूनिट प्रधान धर्मवीर शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नोटिफिकेशन की प्रतियां जलाई। उन्होंने इसे कर्मचारी और उपभोक्ता विरोधी बताते हुए स्मार्ट मीटर और नई नीति को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन में बलकार, जितेंद्र, संदीप राठी, संजू, राजेश शर्मा, जेई राजेश और जेई विनोद सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# अंबाला शहर में 104 करोड़ से बनेगा 60 एमएलडी एसटीपी

**आधुनिक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली स्थापित करने की तैयारी, मंत्री अनिल विज ने नए अधिकारियों को जल्द फंड जारी करने के दिए निर्देश**

### छावनी के हर वार्ड को मिलेगा एक-एक करोड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

चंडीगढ़ में परचेज कमेटी बैठक में सीएम ने विकास परियोजनाओं को दी मंजूरी। अंबाला शहर और छावनी में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। अंबाला शहर के देवीनगर में 104 करोड़ रुपये की लागत से 60 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाया जाएगा, वहीं अंबाला में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री अनिल विज ने कहा की छावनी नगर परिषद के सभी 32 वार्डों में विकास कार्यों के लिए प्रत्येक वार्ड को एक-एक करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई जाएगी और विभिन्न विकास परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा, निदेशक मुकुल कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि अंबाला शहर के देवीनगर में 60 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण पर 104 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा अंबाला सदर के जलभराव वाले क्षेत्रों में वाटर ड्रेनेज निर्माण को भी मंजूरी दी गई है।



अंबाला। अधिकारियों की मीटिंग लेते मंत्री अनिल विज।

### सीसीटीवी, ई-लाइब्रेरी समेत विकास योजनाओं को मिली मंजूरी

छावनी के विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रत्येक वार्ड की जरूरत के अनुसार प्रस्ताव लेकर एक-एक करोड़ रुपये की राशि जारी की जाएगी। मंत्री अनिल विज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। बैठक में बताया गया कि सुभाष पार्क में अत्याधुनिक सुविधाओं वाली ई-लाइब्रेरी का निर्माण शीघ्र शुरू होगा। रामबाग रोड पर आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा, जबकि सुभाष पार्क में स्क्वैश कोर्ट के निर्माण की योजना पर भी तेजी से काम किया जा रहा है। इसके अलावा कंपोजिट इंटीग्रेटेड डेयरी कॉम्प्लेक्स, पशु चिकित्सालय तथा अन्य आधारभूत ढांचागत परियोजनाओं को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। नन्हेड़ा, मिलाप नगर, रांगिया मंडी, आनंद विहार सहित आसपास के क्षेत्रों में सीवरेज नेटवर्क के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इन क्षेत्रों में जल्द ही निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। साथ ही फ्रेट कॉरिडोर परियोजना और नगर परिषद के नए भवन के निर्माण पर भी विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी में व्यापक स्तर पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करना जरूरी है। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार कर सरकार को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा, ए.के. सिंह, पंकज यादव, पी.सी. मीणा, जे. गणेशन, देवेंद्र दहिया तथा नगर परिषद अंबाला छावनी के कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनडीपीएस आरोपी को छुड़ाने के लिए सीआईए टीम पर हमला

## आरोपी के बचाओ में कुछ लोगों ने पुलिस की गाड़ी पर पथराव कर तोड़ी गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

यमुनानगर में एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची सीआईए असंध (करनाल) की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। पथराव में पुलिस वाहन के शीशे टूट गए और भीड़ आरोपी को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ाकर ले गई। घटना मंगलवार शाम करीब छह बजे रादौर क्षेत्र की डेहा बस्ती में हुई। जानकारी के अनुसार सीआईए असंध की टीम उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में फरार आरोपी राजेंद्र निवासी इंद्री को पकड़ने के लिए डेहा बस्ती पहुंची थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी वहीं मौजूद है। टीम ने उसे काबू भी कर लिया था, लेकिन इसी दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। आरोप है कि ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया, जिससे पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ महिलाओं ने भी पुलिस कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की और विरोध के दौरान दांत तक काट लिए।



यमुनानगर। रादौर क्षेत्र में पुलिस टीम पर हमला करते ग्रामीण।

### भीड़ हुई बेकाबू

अचानक हुए हमले से पुलिस टीम असहज हो गई और भीड़ आरोपी राजेंद्र को छुड़ाकर अपने साथ ले गई। स्थिति बिगड़ती देख सीआईए टीम ने किसी तरह मौके से निकलकर अपनी जान बचाई और घटना की सूचना थाना रादौर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस अब सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस टीम पर हमला करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और आरोपी को छुड़ाने के आरोप में केस दर्ज करने की तैयारी में है। हमले में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है, जबकि फरार आरोपी राजेंद्र की तलाश के लिए दोबारा अभियान शुरू कर दिया गया है। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।



घरौंडा। अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई करती जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम।

## घरौंडा में 41 एकड़ में विकसित चार अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

- डीटीपी विभाग ने पुलिस बल की मौजूदगी में की तोड़फोड़ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

जिला नगर योजनाकार की टीम ने पुलिस बल के सहयोग से घरौंडा क्षेत्र में विकसित की जा रही चार अवैध कॉलोनियों के खिलाफ तोड़फोड़ की कार्रवाई की। यह अभियान ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में चलाया गया।

जिला नगर योजनाकार गुंजन ने बताया कि पहली अवैध कॉलोनी कैमला रोड स्थित गढ़ी मुल्तान क्षेत्र में लगभग 13 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही थी। यहां चार डीपीसी, एक प्लॉट की चारदीवारी, कॉलोनी की चारदीवारी तथा बनाई गई कच्ची सड़कों को ध्वस्त किया गया।

दूसरी अवैध कॉलोनी डिंगर माजरा रोड पर लगभग 10.5 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रही थी, जहां विभाग ने सभी कच्ची सड़कों को नष्ट कर दिया। इसी प्रकार तीसरी अवैध कॉलोनी भी डिंगर माजरा रोड पर लगभग 11 एकड़ क्षेत्र में पाई गई, जिसमें बनाई गई सड़कों को ध्वस्त किया गया।

चौथी अवैध कॉलोनी डिंगर माजरा रोड पर ही करीब 6.5 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही थी। विभाग ने यहां भी सभी कच्ची सड़कों को हटाने की कार्रवाई की।

डीटीपी ने बताया कि जिले में अवैध कॉलोनियों और अवैध निर्माणों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया भी अपनाई जा रही है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी कॉलोनी में प्लॉट खरीदने से पहले उसकी लाइसेंस संबंधी जानकारी की जांच अवश्य करें और केवल वैध कॉलोनियों में ही निवेश करें।

## गैंगस्टर सचिन की पत्नी काबू, गैंग को देती थी आर्थिक मदद

**अंबाला।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) अंबाला यूनिट ने रूस में बैठकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे कुख्यात गैंगस्टर सचिन की पत्नी और गैंग की सक्रिय सदस्य ममता रानी को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला गैंग को वित्तीय मदद और लॉजिस्टिक सहायता मुहैया करा रही थी। डीएसपी अमन के अनुसार एसटीएफ ने 15 मार्च को यमुनानगर के थाना छप्पर में संगठित अपराध धारा 111 और आर्म्स अमेंडमेंट एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया था। इस कार्रवाई के दौरान गैंग के कुछ सदस्यों को भारी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ दबोचा गया था। पूछताछ में खुलासा हुआ था कि यह गैंग यमुनानगर के एक कार सेल-परचेज व्यवसायी की हत्या करने की फिराक में था। इसी साजिश की कड़ियों को जोड़ते हुए जांच टीम सीधे गैंगस्टर सचिन की पत्नी ममता रानी तक पहुंची जो करनाल के गांव धनौरा की रहने वाली है। जांच में सामने आया है कि ममता रानी का पति गैंगस्टर सचिन लंबे समय से रूस में छिपा हुआ है। वह विदेश में बैठकर ही भारत में अपने शूटरों और गुर्गों को ऑपरेट करता है। गैंग की रंगदारी और अन्य आपराधिक गतिविधियों से आने वाले पैसे का प्रबंधन और लॉजिस्टिक सपोर्ट ममता रानी ही देख रही थी।



अंबाला। एसटीएफ के हत्थे चढ़ी आरोपी ममता रानी।

## विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे 24 लाख रुपये

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर गांव पंजेटों निवासी सुरेश कुमार से 24 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप यमुनानगर की कृष्णा कॉलोनी निवासी जसप्रीत सिंह, उसकी मां परविंदर कौर व रमनजीत सिंह पर लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पंजेटों निवासी सुरेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात यमुनानगर की कृष्णा कॉलोनी निवासी जसप्रीत सिंह, उसकी मां परविंदर कौर व रमनजीत सिंह के साथ हुई। आरोपियों ने उसे बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह उसे भी रोजगार के लिए विदेश भेज देंगे। वह आरोपियों की बातों में आ गया। आरोपियों ने उसे विदेश भेजने के नाम पर 24 लाख रुपये का खर्च आने की बात कही। सुरेश कुमार ने बताया कि 10 अप्रैल 2025 से 26 अक्टूबर 2025 के बीच उसने आरोपियों को उक्त पैसे व दस्तावेज दे दिए। आरोपियों से जल्द विदेश भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया।

## पंचायती भूमि पर लगी बाबा साहेब की प्रतिमा की खंडित

**यमुनानगर।** गांव जठलाना में पंचायती भूमि पर लगी बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने का मामला सामने आया है। आरोप गांव के ही सूरजभान पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी सूरजभान के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव जठलाना निवासी आंसू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव में पंचायती भूमि पर बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा लगी हुई है। 15 जून को दोपहर 12 उनके गांव के ही सूरजभान ने बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित कर दिया। आरोपी ने प्रतिमा की बाजू और मुंह को नुकसान पहुंचा और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी सूरजभान के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

## दुबई में हुए हादसे में युवक की मौत, कर्ज तले दबा परिवार

- 11 महीने पहले गया था विदेश
- विदेश में मौत होने की वजह से नहीं बन पा रहा है मृत्यु प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला



रोजगार की तलाश में दुबई गए 30 वर्षीय युवक रिंकू सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई। उनकी मौत की खबर के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा है। बेटे की मौत के बाद परिवार कर्ज के बोझ तले दब गया है। 11 महीने पहले विदेश गए रिंकू का गांव में अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों ने 7 लाख रुपये का कर्ज लेकर उन्हें विदेश भेजा था। रिंकू सिंह दुबई में ट्रक चालक के रूप में कार्यरत थे। ड्यूटी के दौरान अचानक ट्रक का अगला टायर फटने से वाहन अनियंत्रित हो गया और मौके पर ही रिंकू की जान चली गई। मृतक के चचेरे भाई गुरमीत सिंह ने बताया कि रिंकू अपने माता-पिता का सहारा थे। घर की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए परिजनों ने 7 लाख रुपये का कर्ज लेकर उन्हें विदेश भेजा था। बेटे की मौत ने बुजुर्ग माता-पिता को झकझोर कर रख दिया है। दुख की इस घड़ी में अब सरकारी कागजी कार्रवाई उनके लिए नई मुसीबत बन गई है। साथ लगते माजरी अस्पताल में उन्हें बताया गया कि उसका मृत्यु प्रमाणपत्र यहां नहीं बनेगा। प्रमाणपत्र के अभाव में बीमा क्लेम और अन्य सरकारी सहायता की प्रक्रिया रुकी हुई है। ग्रामीणों ने जल्द ही आला अधिकारियों से मुलाकात करने का निर्णय लिया है।

**पालिका का अनोखा फैसला : बरसात में गंदगी और जलभराव रोकने के लिए पहल**

# निर्माण कार्य पूरा होते ही तुरंत हटाना होगा गलियों से मलबा

- नगरपालिका चेयरमैन बोलीं, सड़कों पर मलबा छोड़ने वालों पर होगी सख्ती
- मलबा फेंककर मालिकाना हक से किया इनकार तो जनता करेगी इसका उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नीलोखेड़ी

शहर में सड़कों, गलियों और फुटपाथों पर निर्माण कार्य के बाद छोड़े जाने वाले मलबे की समस्या से निपटने के लिए नगरपालिका ने सख्त रुख अपनाया है।

- शिकायत मिलने पर पालिका लगाएगी जुर्माना

नगरपालिका चेयरमैन सन्मीत कौर आहूजा ने कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद संबंधित व्यक्ति को तत्काल मलबा हटाना होगा। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर मलबा डालकर उसकी जिम्मेदारी लेने से इनकार करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और उस मलबे का उपयोग आमजन कर सकेगा। चेयरमैन ने बताया कि शहर में कई स्थानों पर मकानों के निर्माण, मरम्मत या अन्य कार्यों के बाद मलबा सड़कों, फुटपाथों और नालों के किनारे छोड़ दिया जाता है। जब नगरपालिका की ओर से उसे हटाने के लिए कहा जाता है तो कई लोग उससे अपना संबंध होने से ही इनकार कर देते हैं। इससे न केवल शहर की सुंदरता प्रभावित होती है, बल्कि गंदगी और प्रदूषण भी बढ़ता है।



### सार्वजनिक स्थानों पर सफाई जरूरी

समस्या के समाधान के लिए नगरपालिका ने एक अनोखी पहल की है। चेयरमैन ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर मलबा डालकर उसे उठाने से इनकार करता है या उसकी मिल्कियत स्वीकार नहीं करता, तो उस मलबे को लावारिस माना जाएगा। ऐसे में कोई भी शहरवासी उस मलबे का उपयोग अपने निर्माणाधीन मकान, खाली प्लॉट में भराई अथवा अन्य जरूरत के कार्यों में कर सकता है। इससे एक ओर सार्वजनिक स्थानों पर सफाई बनी रहेगी और दूसरी ओर मलबे का उपयोग भी हो सकेगा।

### ये समस्याएं होती हैं

चेयरमैन ने कहा कि बरसात के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। मलबे के ढेरों में जहरीले जीव-जंतु पनपने लगते हैं, जो आसपास के घरों में घुसकर लोगों के लिए खतरा पैदा करते हैं। वहीं नालों और नालियों के किनारे पड़ा मलबा जल निकासी व्यवस्था को प्रभावित करता है, जिससे ब्लॉकेज, जलभराव और बदबू जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि कहीं सार्वजनिक स्थान पर मलबा पड़ा दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत नगरपालिका को दें। यदि कोई व्यक्ति लावारिस घोषित मलबे के उपयोग में बाधा डालता है या बाद में उस पर अपना दावा करता है तो उसकी भी शिकायत की जाए। ऐसे मामलों में नगरपालिका जांच कर दोषी व्यक्ति के खिलाफ जुर्माना लगाने सहित सख्त कार्रवाई करेगी।

### नागरिकों का सहयोग जरूरी

चेयरमैन ने कहा कि शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए नागरिकों का सहयोग जरूरी है। सार्वजनिक स्थानों पर मलबा फेंकना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह पूरे शहर की स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिए भी खतरा है। इसलिए निर्माण कार्य पूरा होते ही मलबा हटाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

**खबर संक्षेप**

### नालों की सफाई करवाने का अभियान शुरू

**घरौंडा।** बरसात के मौसम से पहले ही नगरपालिका ने शहर के गंदे नालों की सफाई करवाने का अभियान शुरू कर दिया है। मंगलवार को नगरपालिका के चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता ने नालो की सफाई व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया और कहा कि नालों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए ताकि बारिश के समय शहर में जलभराव से निजात मिल सके। नगरपालिका ने मंगलवार को शहर के बड़े नाले से नालों की सफाई करवाने का अभियान शुरू किया है। उसके बाद शहर के सभी छोटे नालों की सफाई कराई जाएगी। जिसको लेकर नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता नालों की सफाई व्यवस्था को जानने के लिए बड़े नाले पर पहुंचे। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा नपा चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता ने कहा है मानसून से पहले शहर के नालों की सफाई करवाना ज़रूरी है, ताकि नालों की सफाई समय से पहले हो जाए ताकि शहर में जलभराव की समस्या पैदा न हो

### अमरनाथ भंडारे के लिए सामग्री रवाना

**घरौंडा।** धार्मिक संस्था श्री अमरनाथ सेवा मण्डल घरौंडा द्वारा तीसरा विशाल भंडारा अमरनाथ के बुराड़ी मार्ग के रास्ते बालटाल पर लगेगा.मगलवार 16 जून को खाद्य सामग्री की पूजा अर्चना की गई.. इसके बाद समाजसेवी अनिल गर्ग व गणमान्य लोगो ने रवाना किया, शहर के मुख्य मार्गो से बेंड बाजो के साथ शोभायात्रा निकाली गई, मण्डल के सरक्षक पवन गुप्ता, जसबीर, धर्मेंद्र राणा ने बताया की यह भंडारा 3 जुलाई से 28 अगस्त तक बुराड़ी मार्ग, बेस कैम्प पर चलेगा, इस पूजा मे पूर्व प्रधान हैप्पी, संजीव विग, सुरेश मित्तल, आशु गर्ग, विजय गुप्ता, अनिलमित्तल, योगराज टककर, नितिन मित्तल, मंडी पूर्व प्रधान विनोद उपस्थित रहे, मंडल की और से समाजसेवी अनिल गर्ग को स्मृति चिन्ह व गणामान्य लोगो को पटका पहनाकर सम्मान किय।

### ग्राम पंचायतों को पेयजल योजनाएं सौंपने का विरोध



**करनाल।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन ने ग्रामीण पेयजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करने के निर्णय का विरोध करते हुए सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंताओं को ज्ञापन सौंपा। जिला प्रधान रंगलाल संधू और सचिव रोहताश खोखर के नेतृत्व में कर्मचारियों ने कहा कि वर्षों से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है। चार जुलाई को भिवानी में सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी के आवास पर धरना दिया जाएगा, जबकि 18 जुलाई को जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा के हिसार स्थित निवास पर प्रदर्शन किया जाएगा। यूनियन ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, स्थायी भर्ती करने, पुरानी पेंशन बहाल करने तथा कौशल रोजगार निगम को समाप्त कर नियमित भर्ती करने सहित कई मांगें उठाईं।

हरियाणा एग्रो डिस्कॉम कंपनी स्मार्ट मीटर का विरोध

# बिजली कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर जताया रोष

■ अधिसूचना की प्रतियां जलाकर सरकार के फैसले का विरोध किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर सिटी यूनिट करनाल की विभिन्न सब यूनिटों में काले बिल्ले लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने हरियाणा एग्रो डिस्काम की अधिसूचना की प्रतियां जलाकर सरकार के फैसले का विरोध किया।

सब अर्बन सब यूनिट में मोहन कुमार, मॉडल टाउन में पप्पू शर्मा, मेरठ रोड सब यूनिट में सुरेंद्र कंबोज, नेवल सब यूनिट में रोहित शर्मा, टीएल ग्रिड सब यूनिट में शुभम सैनी, रामनगर सब यूनिट में छत्रपाल राणा तथा सिटी सब यूनिट में सुभाष चंद्र की अध्यक्षता में प्रदर्शन आयोजित किए गए।



**करनाल।** एग्रो डिस्काम के विरोध में काले बिल्ले लगाकर प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

राज्य महासचिव राजेंद्र राणा, राज्य सचिव सतीश मान और सर्कल सचिव विशाल बनवाला ने कहा कि हरियाणा एग्रो डिस्काम किसानों के हित में नहीं है। वर्ष 1998 में बिजली बोर्ड के पुनर्गठन के समय 498 करोड़ रुपये का घाटा था, जो अब बढ़कर लगभग 29 हजार करोड़ रुपये हो गया है। ऐसे में नया डिस्काम बनाने से प्रशासनिक खर्च बढ़ेगा और विभाग पर आर्थिक बोझ पड़ेगा। नेताओं ने कहा कि हरियाणा एग्रो डिस्काम को 5427 करोड़ रुपये की देनदारी के साथ शुरू किया जा रहा है, जबकि प्रदेश में वर्ष 2010 से कृषि फीडर अलग-अलग संचालित हो रहे हैं।

#### इंद्री में भी विरोध

सब यूनिट इंद्री में हरियाणा एग्रो डिस्कॉम कंपनी स्मार्ट मीटर व कंपनी निजीकरण ठेका प्रथा के विरोध में प्रदर्शन किया गया और हरियाणा एग्रो डिस्कॉम की नोटिफिकेशन की प्रतियां जलाई गई। जिसकी अध्यक्षता विनोद कांबोज ने की व संचालन यूनिट सचिव संजीव मलिक ने किया। मलकीत सिंह, विनोद कांबोज व संजीव मालिक ने बताया कि हरियाणा एग्रो डिस्कॉम कंपनी को किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा संगठन इसका पुरजोर विरोध करता है क्योंकि 1998 में तत्कालीन सरकार ने सुधारीकरण एवं 498 करोड़ रुपये घाटे को पूरा करने के लिए हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड को तोडकर चार निगम बनाए थे जिसकी वजह से आज वो घाटा बढकर 29 हजार करोड़ के करीब पहुंच गया अब फिर सुधारीकरण के नाम पर किसानों को निर्बाध बिजली देने ,जल्दी कनेक्शन देने, सुचारू बिजली देने का वा8दा किया जा रहा है।

## एडीसी ने योग दिवस को जन आंदोलन बनाने के दिए निर्देश




**करनाल।** लघु सचिवालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया।

■ अधिकारियों को सफाई, सुरक्षा और परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा

**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया ने 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल, सुलभ शौचालय, सुरक्षा तथा ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही स्कूली बच्चों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए बस सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए। एडीसी मंगलवार को जिला लघु सचिवालय के सभागार में योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इससे पहले आयुष विभाग की एसीएस सुमिता मिश्रा और आयुक्त संजीव वर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों के साथ तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसीएस सुमिता मिश्रा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाए। इसके लिए शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों को जोड़कर अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए।

## जनकल्याण शिविर का एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ने किया शुभारंभ

■ केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री**

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में आयोजित किये जा रहे तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का शुभारम्भ एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ने किया। शिविर के दौरान एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का भी निरीक्षण किया और वहां पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों से उनके विभाग द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों की जानकारी भी हासिल की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिविर के दौरान जो भी पात्र व्यक्ति उनके पास आता है, उसको विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की पूरी जानकारी देने के साथ-साथ दस्तावेजों की औपचारिकता पूरी करते हुए उस योजना का लाभ प्रदान किया जाए। यदि किसी व्यक्ति की कोई समस्या है तो उसका निवारण भी मौके पर ही किया जाए। उन्होंने कहा कि इस तीन दिवसीय विशेष जन कल्याण शिविर का मुख्य उद्देश्य केंद्र व राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना और पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं से लाभान्वित करना है। शिविर में बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा विशेष स्टॉल लगाए गये हैं।



**इंद्री।** स्टालों का निरीक्षण करते एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ।

### जिले में 42 स्थानों पर हुआ योग प्रोटोकॉल

**करनाल।** जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि /"योग युक्त-नशा मुक्त हरियाणा/" थीम के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 16 से 18 जून तक सेक्टर-12 स्थित फव्वारा पार्क के योग शेड में प्रातः 6 बजे से 7:30 बजे तक चलेगा।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को आयोजित प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन सहित 121 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वहीं जिले के सभी ब्लॉकों में 42 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में कुल 2156 लोगों ने योग प्रशिक्षण प्राप्त किया। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. नितिन रोहिला ने बताया कि कार्यक्रम में पार्षद संजीव मेहता, बेबी पाल और सुदेश रानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया।

## कुरुक्षेत्र प्रकरण में सख्त कार्रवाई के लिए स्वास्थ्य मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

■ जनवादी महिला समिति और सीटू ने चंडीगढ़ जाकर सौंपा सात सूत्रीय मांग पत्र

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**

कुरुक्षेत्र के लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल में नाबालिग के साथ कथित यौन उत्पीड़न के मामले को लेकर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति और सीटू के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से चंडीगढ़ में मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगमति सांगवान, राज्य अध्यक्ष सविता, महासचिव उषा सरोहा, रानी देवी और रमा देवी शामिल थीं। प्रतिनिधिमंडल ने सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग की। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस डॉक्टर पर पहले भी गंभीर आरोप लग चुके थे, उसे सेवानिवृत्ति के बाद दोबारा नियुक्ति कैसे दी गई। संगठनों ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई, फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई तथा आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में कठोर कार्रवाई की मांग की।



**करनाल।** स्वास्थ्य मंत्री को मांग पत्र सौंपते जनवादी महिला समिति और सीटू के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

#### स्वास्थ्य मंत्री ने दिया भरोसा

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सरकार हरसंभव कदम उठाएगी।

## ग्रामीणों को एसआईआर के प्रति किया जागरूक

■ बीएलओ घर-घर पहुंचकर वितरित कर रहे एन्यूमरेशन फॉर्म

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी**

निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनर्निरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत मंगलवार को गांव समाना बाहु में स्वीप अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने, संशोधन कराने तथा स्थानांतरित और मृत परिवारजनों के नाम हटवाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 15 जून से बीएलओ घर-घर जाकर एसआईआर के लिए एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित कर रहे हैं, जिन्हें समय पर भरकर जमा करवाना आवश्यक है। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को स्वतंत्र एवं नैतिक मतदान के महत्व से भी अवगत कराया गया। साथ ही मतदान प्रक्रिया, चुनाव संबंधी सावधानियों और अनैतिक गतिविधियों की सूचना प्रशासन को देने के तरीकों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने और अधिक से अधिक लोगों को एसआईआर प्रक्रिया से जोड़ने का संकल्प लिया।

### श्री अमरनाथ सेवा मंडल के भंडारे का शुभारंभ

**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने मंगलवार को डीएवी पीजी कॉलेज के समक्ष श्री अमरनाथ सेवा मंडल द्वारा आयोजित विशाल भंडारे का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर सेवा कार्य में भागीदारी निभाई। महापौर ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे, एकता और सेवा की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कहा कि भंडारा सेवा भारतीय संस्कृति की उस महान परंपरा का प्रतीक है, जिसमें बिना किसी भेदभाव के सभी को सम्मानपूर्वक भोजन उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र में उनका योगदान प्रेरणादायक है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने भी सेवा गतिविधियों की प्रशंसा की।

## संघ शिक्षा वर्ग राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम : रेणु

■ समालखा में समापन समारोह में की सहभागिता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने समालखा के पट्टी कल्याणा में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ शिक्षा वर्ग के समापन समारोह में सहभागिता की। उन्होंने स्वयंसेवकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

समारोह में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना तथा सेवा और संगठन के मूल्यों पर विचार-विमर्श किया गया। महापौर ने कहा कि संघ शिक्षा वर्ग जैसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं में



नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रभक्ति के संस्कार विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

समाजहित में स्वयंसेवकों का समर्पण राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को मजबूत करता है और ऐसे संस्कारित युवाओं की देश को आवश्यकता है।

**न्यूज डायरी**

### सभाओं पर रोक लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला

**करनाल।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी करनाल ने प्रदेश सरकार द्वारा रैली-सभाओं पर रोक लगाने और अन्य प्रतिबंधात्मक निर्देशों की आलोचना की है। जिला सचिव जगपाल राणा, जगमाल सिंह और ओमप्रकाश सिहमार ने संयुक्त बयान में कहा कि सीमित मात्रा में पेट्रोल-डीजल खरीद, वर्क फ्रॉम होम और रैली-सभाओं पर रोक जैसे कदम गैरवाजिब और अलोकतांत्रिक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार के तानाशाहीपूर्ण रवैये को दर्शाता है। पार्टी नेताओं ने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हांसी सहित अन्य स्थानों पर हुई आपराधिक घटनाएं सरकार की विफलता को दर्शाती हैं। उन्होंने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों को लेकर भी सरकार को घेरा।

### 23 को ज्ञापन सौंपेगी खेत मजदूर यूनियन

**करनाल।** हरियाणा खेत मजदूर यूनियन ने विभिन्न मांगों को लेकर 23 जून को उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। यूनियन के महासचिव जिले सिंह पाल ने बताया कि भारतीय खेत मजदूर यूनियन के आह्वान पर 15 से 22 जून तक प्रदेशभर में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद 23 जून को धरना-प्रदर्शन आयोजित कर मांग पत्र सौंपे जाएंगे। उन्होंने मनरेगा को प्रभावी ढंग से लागू करने, मजदूरों को 200 दिन रोजगार और 700 रुपये प्रतिदिन मजदूरी देने की मांग की। साथ ही ग्रामीण और शहरी मजदूरों को 100-100 वर्ग गज के प्लॉट तथा मकान निर्माण के लिए पांच लाख रुपये की सहायता राशि देने की मांग उठाई। उन्होंने बढ़ती महंगाई, घरेलू गैस की कीमतों और सरकारी स्कूलों से जुड़े मुद्दों पर भी सरकार से हस्तक्षेप की मांग की।

### ओंकार सिंह बने जिला प्रधान



**करनाल।** पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर ऑर्गेनाइजेशन का जिला अधिवेशन मानव सेवा संघ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र कादियान ने की, जबकि मंच संचालन प्रदेश महामंत्री हुकुम सैनी ने किया। अधिवेशन में संगठन की नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। ओंकार सिंह को जिला प्रधान चुना गया। अश्विनी शर्मा, संदीप शर्मा और बलविंद्र कुमार को उपाध्यक्ष, पवन कुमार को जिला मंत्री तथा राजेश कुमार और रोहनलाल को सह मंत्री बनाया गया। इसके अलावा संदीप शर्मा को कोषाध्यक्ष और सोमबीर यादव को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारिणी में जयबीर, घनश्याम और सुनील कुमार को सदस्य बनाया गया। नवनियुक्त प्रधान ओंकार सिंह ने कहा कि जिले में संगठन को मजबूत किया जाएगा तथा कर्मचारियों की लंबित मांगों को भारतीय मजदूर संघ के मार्गदर्शन में उठाया जाएगा।

### सीटी तकनीक से हार्ट अटैक मरीज का सफल उपचार

**करनाल।** विर्क हॉस्पिटल में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सूरज सिंह एवं उनकी टीम ने अत्याधुनिक ओसीटी (ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी) गाइडेड कोरोनरी एंजियोप्लास्टी के माध्यम से 52 वर्षीय हार्ट अटैक मरीज का सफल उपचार किया। मरीज को सीने में दर्द और हार्ट अटैक के लक्षणों के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच के दौरान डॉ. सूरज सिंह की देखरेख में कोरोनरी एंजियोग्राफी की गई, जिसमें मरीज की लेफ्ट मेन कोरोनरी आर्टरी (एलएमसीए) में गंभीर ब्लॉकेज तथा ट्रिपल वेसल डिजीज (टीवीडी) का पता चला। चिकित्सकों ने मरीज को बाईपास सर्जरी की सलाह दी, लेकिन मरीज ने स्टेंटिंग के माध्यम से उपचार कराने का निर्णय लिया।

95 प्रतिशत प्लेसमेंट, 90 विद्यार्थियों का मारुति सुजुकी में चयन

# आईटीआई करनाल की प्रशिक्षण व्यवस्था को सराहा

■ आईएएस अधिकारी सोहम शैलेंद्र ने संस्थान में किया दौरा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**

बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), करनाल में मंगलवार को आईएएस अधिकारी सोहम शैलेंद्र ने संस्थान का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओल्ड बिल्डिंग, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भवन तथा न्यू बिल्डिंग का भ्रमण कर प्रशिक्षण सुविधाओं का अवलोकन किया।

संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश भाटिया ने उनका स्वागत करते हुए विभिन्न योजनाओं, ट्रेडों और विद्यार्थियों को दिए जा रहे तकनीकी प्रशिक्षण की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान कार्यशालाओं में विद्यार्थियों को आधुनिक मशीनों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करते देखा गया। संस्थान में उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप नवीनतम तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा प्लेसमेंट पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाता है। वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 90 विद्यार्थियों का चयन मारुति सुजुकी में हो चुका है और संस्थान का प्लेसमेंट प्रतिशत लगभग 95 प्रतिशत है। आईएएस अधिकारी सोहम शैलेंद्र ने संस्थान में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं और उद्योग आधारित प्रशिक्षण पद्धति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार का कौशल विकास युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने आईटीआई करनाल द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा की प्रशंसा की।




**करनाल।** आईटीआई करनाल का निरीक्षण करते आईएएस अधिकारी सोहम शैलेंद्र एवं जानकारी देते प्रधानाचार्य राकेश भाटिया।

### नीलोखेड़ी में जन कल्याण शिविर का आयोजन किया

**तरावड़ी।** केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज बीडीओ कार्यालय नीलोखेड़ी में जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 18 जून सुबह दस बजे से लेकर दोपहर बाद तीन बजे तक चलेगा।

इस अवसर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टाल और केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा द्वारा लगाये गये है। इस अवसर पर नगरपालिका अजीत कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के बेमिसाल और ऐतिहासिक नेतृत्व में देश वैभवशाली, गौरवशाली, आत्मनिर्भर और विकसित बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## खबर संक्षेप



### शिक्षक बोधराज को मिला स्टार रक्तदाता सम्मान

**पानीपत।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर शिक्षक एवं रक्तवीर बोधराज को स्वैच्छिक रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्टार रक्तदाता सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपना 24वां स्वैच्छिक रक्तदान भी किया। अंसल स्थित दीवान हॉस्पिटल में आयोजित रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि कोमल सैनी मेयर, रेडक्रॉस रक्त बैंक प्रभारी डॉ.पूजा सिंघल तथा डीटीओ हरमेश ने बोधराज को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं कुरुक्षेत्र जिला जेल में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी एवं राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित पुलिस अधिकारी डॉ.अशोक कुमार वर्मा के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह में भी बोधराज को समाजसेवा, मानवता के प्रति समर्पण और स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए स्टार रक्तदाता सम्मान प्रदान किया गया।

### रोजगार मेले में 24 युवाओं को मिली नौकरी

पानीपत। जिला रोजगार कार्यालय पानीपत द्वारा आज आयोजित रोजगार मेले में 52 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जिनमें से विभिन्न निजी कंपनियों ने साक्षात्कार के बाद 24 युवाओं का चयन किया। जिला रोजगार अधिकारी डॉ.ऋ तु चहल ने बताया कि रोजगार मेले युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम हैं और भविष्य में भी ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जाएंगे।

### एग्रो डिस्कॉम के विरोध में कर्मचारियों का प्रदर्शन

**बापौली।** ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन ने हरियाणा सरकार की एग्रो डिस्कॉम बनाने की योजना के विरोध में रोष प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने नई डिस्कॉम पॉलिसी की प्रतियां जलाकर निर्णय वापस लेने की मांग की। यूनियन नेताओं ने कहा कि इससे बिजली व्यवस्था और कर्मचारियों के हित प्रभावित होंगे। प्रदर्शन में कपिल रावल, अमित रावल, संदीप, रवि, अमन और सुरेंद्र सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

### नारी कल्याण समिति का फादर्स डे पर कार्यक्रम

**पानीपत।** नारी कल्याण समिति की ओर से एक निजी होटल में फादर्स डे के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति की प्रधान कंचन सागर ने माता-पिता के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रगति आहुजा, शोभा गोयल, नीलम मेहता, योजना रोहिला, सुनीता गुलाटी, ज्योत्स्ना गर्ग और रश्मि अखौरी ने अपने पिता से जुड़ी यादें, कविताएं और संस्मरण साझा किए। जबकि अंत में उपप्रधान ज्योत्स्ना गर्ग ने सभी का धन्यवाद किया।

### यमुना में स्नान के दौरान किशोर डूबा, तलाश जारी

**बापौली।** जींद जिले के गांव खेड़ा खेमावती से परिवार के साथ यमुना स्नान के लिए आया 16 वर्षीय शुभम नदी में डूब गया। घटना नए पुल के पिलर के पास हुई। सूचना पर नायब तहसीलदार सतीश यादव और थाना प्रभारी समय पाल अत्री मौके पर पहुंचे। गोताखोरों द्वारा देर शाम तक तलाश जारी रही, लेकिन शुभम का पता नहीं चल सका।

### बच्चे के परिजनों ने पुलिस की टीम का जताया आभार

# अपहृत बच्चे को सकुशल छुड़ाने वाली टीम सम्मानित

**एसपी ने त्वरित कार्रवाई और उत्कृष्ट समन्वय को सराहा, परिजनों ने जताया आभार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने थर्मल के एक्सईएन के 12 वर्षीय अपहृत बेटे को महज 11 घंटे में सकुशल बरामद करने वाले अभियान में शामिल 28 पुलिसकर्मियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अभियान में पुलिस ने एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जबकि मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों के पैर में गोली लगी थी। एसपी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि किसी बच्चे के अपहरण का मामला अत्यंत संवेदनशील होता है। ऐसे मामलों में समय पर कार्रवाई, सटीक सूचना और विभिन्न पुलिस इकाइयों के बेहतर समन्वय से ही सफलता मिलती है। उन्होंने टीम की कर्तव्यनिष्ठा, सूझबूझ और पेशेवर कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि इस सफलता से आमजन का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हुआ है।सम्मानित होने वालों में सीआईए 1 प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार, सीआईए 2 प्रभारी इंस्पेक्टर विरेंद्र, थाना मतलौडा प्रभारी एसआई राजेश, एसपी रीडर एसआई सुभाष चंद्र, थर्मल चौकी इंचार्ज सतविंदर, साइबर सेल इंचार्ज एसआई हिमांशु सहित कुल 28 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी



पानीपत। सम्मानित होने वाली पुलिस टीम के साथ एसपी भूपेंद्र सिंह। फोटो :हरिभूमि

### नागरिकों की सुरक्षा ही पहली प्राथमिकता

वहीं अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद बच्चे के माता-पिता सुनीता जो थर्मल में एक्सईएन हैं और समीर जो गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया में डीजीएम हैं, बेटे के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे और पुलिस अधीक्षक व पूरी पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पुलिस की तत्परता और समर्पण के कारण ही उनका बेटा सुरक्षित घर लौट सका। एसपी भूपेंद्र सिंह ने बच्चे से आत्मीयता से बातचीत करते हुए उसका हौसला बढ़ाया और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि पानीपत पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

### खास बातें

- मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों के पैर में लगी थी गोली
- टीम की कर्तव्यनिष्ठा, सूझबूझ और पेशेवर कार्यशैली की सराहना
- कार्रवाई में पुलिस ने एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था

# अवैध कॉलोनियों पर चला जिला प्रशासन का बुलडोजर, मचा हड़कंप

- कार्रवाई राजस्व एस्टेट खेड़ी नांगल एवं ददलाना में की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। अवैध कॉलोनी को गिराता डीटीपी का बुलडोजर । फोटो :हरिभूमि

जिला नगर योजनाकार (प्रवर्तन) के नेतृत्व में आज अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए सख्त कार्रवाई की गई।

इस दौरान लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही 5 अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया। साथ ही 3 अवैध निर्माणों, लगभग 20 डीपीसी, सीवरेज नेटवर्क तथा आंतरिक अर्थन रोड नेटवर्क को भी हटाया गया। यह कार्रवाई राजस्व एस्टेट खेड़ी नांगल एवं ददलाना में की गई। डीटीपी ने आमजन से अपील की कि वे किसी भी भूखंड अथवा संपत्ति की खरीद से पूर्व उसकी वैधता की जांच अवश्य करें तथा अवैध कॉलोनियों में निवेश करने से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा अवैध कॉलोनियों एवं अनधिकृत निर्माणों के विरुद्ध अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गोशाला के रास्ता बंद का मामला एसडीएम के पास पहुंचा, दोबारा होगी निशानदेही

- एक सप्ताह के भीतर दोबारा निशानदेही कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना



पानीपत। एसडीएम को शिकायत सौंपते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

शाहपुर स्थित लॉर्ड शिवा गौशाला का रास्ता उखाडक़र बंद किए जाने के मामले में आसपास के आठ गांवों के ग्रामीणों ने एसडीएम नवदीप नैन से शिकायत की। प्रतिनिधिमंडल में गौशाला प्रधान राजरूप, धर्मपाल कुंडू, तेजवीर जागलान, रामकुमार जागलान और जसमेर कुंडू शामिल रहे। एसडीएम ने तहसीलदार को एक सप्ताह के भीतर दोबारा निशानदेही कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए तथा तब तक रास्ते पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य रोकने के आदेश दिए।



पानीपत। छबील में सेवा करते छोटे छोटे बच्चे । फोटो :हरिभूमि

### चित्रकूट धाम श्रीराम मंदिर में मीठे पानी की छबील

**पानीपत।** भीषण गर्मी के बीच अशोक विहार कॉलोनी स्थित चित्रकूट धाम श्रीराम मंदिर, श्रीराम चौक में श्रद्धालुओं द्वारा राहगीरों और आमजन के लिए मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस सेवा कार्य की विशेष बात यह रही कि गर्मियों की छुट्टियों के दौरान मंदिर से जुड़े नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ छबील सेवा में भाग लिया और राहगीरों को मीठा एवं ठंडा पानी पिलाकर सेवा और मानवता का संदेश दिया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि समाज सेवा और धार्मिक गतिविधियों का आयोजन समय.समय पर किया जाता है। प्रत्येक मंगलवार को मंदिर परिसर में भजन.कीर्तन का आयोजन होता है। इस अवसर पर कृष्ण मलिक, सोनू मलिक, रविंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, प्रिंस चौधरी, मोनू वर्मा, शिवम कुमार, रुद्र चौधरी, हरिओम चौधरी, चंदन शर्मा, मृदुल कृष्ण, पप्पू वर्मा, डॉ.मोहित रोहिल्ला, गुड्डन चौहान, सिमरन पांचाल आदि उपस्थित रहे।

## मानसून से पहले नालों की सफाई पूरी करें लापरवाही पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त

- अधिकारियों से फील्ड में जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। नालों की सफाई को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डॉ.हरीश वशिष्ठ । फोटो :हरिभूमि

उपायुक्त डॉ.हरीश वशिष्ठ ने मानसून की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी नालों की सफाई अभियान मोड में समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान जिले में कहीं भी जलभराव नहीं होना चाहिए और सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने नगर निगम, जनस्वास्थ्य, पंचायत एवं संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों की नियमित निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से फील्ड में जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने और जल निकासी तंत्र को दुरुस्त रखने को कहा। बैठक में सीईओ डॉ.किरण, नगराधीश टीनू पोसवाल, डीडीपीओ राजेश शर्मा, बीडीपीओ शक्ति सिंह व शीतल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**पानीपत शहर को मिला पहला महिला कॉलेज**

## छात्राओं को उच्च शिक्षा के मिलेंगे नए अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



- विधायक प्रमोद विज ने जताया सीएम का आभार

हरियाणा सरकार ने पानीपत शहर को उसका पहला महिला कॉलेज देने की मंजूरी प्रदान कर दी है। विधायक प्रमोद विज के प्रयासों से मिली इस स्वीकृति को शहर में महिला शिक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस कॉलेज का लाभ न केवल पानीपत शहर, बल्कि आसपास के क्षेत्रों की छात्राओं को भी मिलेगा। जल्द ही कॉलेज की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर तैयार कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। विधायक प्रमोद विज लंबे समय से अपने विभिन्न कार्यक्रमों में महिला कॉलेज की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। उनके इस ड्रीम प्रोजेक्ट को आज को हरियाणा सरकार की मंजूरी मिलने के बाद शहर में खुशी का माहौल है। उन्होंने सीएम का आभार जताया है।

# नगर निगम ने लगाया शहीद सुखदेव सिंह चौक का बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

केसरिया हिंदुस्तान निर्माण हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश नारंग ने नगर निगम का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उन्होंने कई वर्ष पहले तत्कालीन विधायक रोहित रेवड़ी को ज्ञापन देकर बस स्टैंड की ओर जाने वाले टी.पॉइंट का नाम शहीद सुखदेव सिंह चौक रखने की मांग की थी। लंबे समय तक मांग पर कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन बाद में तत्कालीन मेयर अवनीत कौर ने निगम की बैठक में इस चौक पर शहीद सुखदेव सिंह के नाम का बोर्ड लगाने का प्रस्ताव पारित कराया। सुरेश नारंग ने बताया कि इसके बाद उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से दोबारा संपर्क कर संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए। इस पर निगम के एक्सईएन गोपाल केलावत तथा जेई विकास ने मामले का संज्ञान लेते हुए शहीद सुखदेव सिंह के नाम का बोर्ड लगाने के आदेश जारी किए। अब संबंधित स्थान पर बोर्ड स्थापित कर दिया गया है। उन्होंने इस कार्य के लिए नगर निगम के अधिकारियों तथा सभी सहयोगियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह शहीदों के सम्मान और नई पीढ़ी को उनके बलिदान से प्रेरित करने की दिशा में सराहनीय पहल है। इस अवसर पर भारत भूषण, अमर राजपाल, मनोज कुमार, गौरव सोनी आदि उपस्थित रहे।




पानीपत। शहीद सुखदेव का बोर्ड लगने पर निगम का धन्यवाद करते सुरेश नारंग ।

### सरकारी स्कूलों में किचन गार्डन पर रहेगा फोकस : उपायुक्त

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.हरीश कुमार वशिष्ठ ने सरकारी स्कूलों में शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के 10 स्कूलों की पहचान कर वहां किचन गार्डन विकसित किए जाएं ताकि विद्यार्थियों को ताजी व गुणवत्तापूर्ण सब्जियां उपलब्ध कराई जा सकें। साथ ही बच्चों के हीमोग्लोबिन की जांच कराने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्कूलों में प्रत्येक विद्यार्थी के लिए बेंच, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, डिजिटल संसाधन, मिड डे मील की गुणवत्ता और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर हल होने वाली समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगाए जबकि बड़े बुनियादी ढांचे व स्टाफ से जुड़े मामलों को राज्य सरकार के समक्ष भेजा जाएगा।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास और सुशासन को समर्पित

- कार्रवाई राजस्व एस्टेट खेड़ी नांगल एवं ददलाना में की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। उन्होंने यह बात वधावा राम कॉलोनी स्थित जनता पब्लिक स्कूल तथा न्यू रमेश नगर के जुनेजा भवन में आयोजित सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। दुष्यंत भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से भारत आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष केवल उपलब्धियों का नहीं, बल्कि जनविश्वास, सुशासन और सेवा का प्रतीक हैं तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है।



पानीपत। कार्यक्रम में पहुंचे दुष्यंत भट्ट का स्वागत करते क्षेत्र वासी। *फोटो :हरिभूमि*

### सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने देश के विकास को नई गति दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा भी विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में सडक़, रेलवे, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे का तेजी से विस्तार हुआ है। जबकि जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं से गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं को सीधा लाभ मिला है।

## राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग, जिला प्रशासन पानीपत तथा आयुष, खेल व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शिवाजी स्टेडियम मॉडल टाउन में राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता 2026 आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ.मनीष कुकरेजा, स्वामी राजनाथ जी महाराज, डॉ.युद्धवीर, सत्यवीर, जसमेर सिंह व अशोक मित्तल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों से 231 खिलाडियों 116 पुरुष व 115 महिला ने भाग लिया। समापन समारोह में अतिरिक्त उपायुक्त अंकित कुमार चौकसे तथा जिला आयुष अधिकारी डा.राज कपूर ने विजेताओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के 10-18 वर्ष वर्ग में महिला वर्ग में अर्पिता फरीदाबाद तथा पुरुष वर्ग में मनीष पलवल प्रथम रहे। 18-55 वर्ष वर्ग में महिला वर्ग में संगीता रोहतक और पुरुष वर्ग में जीतू गुरुग्राम ने पहला स्थान प्राप्त किया। इ




पानीपत। विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि व आयोजक । फोटो :हरिभूमि

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रशिक्षण कार्यक्रम**

# तन-मन को स्वस्थ रखने के लिए योग का अभ्यास जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, सेक्टर 25 की ओर से सेक्टर.24, स्थित शहीद राजगुरु पार्क में भव्य योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र की संचालिका बीके अंजना ने किया। आयोजन में ग्रीन पार्क योगा क्लास, आरडब्ल्यूए सेक्टर 24, शिव मंदिर पार्क योगा क्लास, फ्लाइंग क्लब ट्रस्ट, ग्रीन पानीपत मिशन, राजगुरु पार्क योगा क्लास तथा आयुष विभाग का सहयोग रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योगपति एवं समाजसेवी हरपाल ढांडा रहे। बीके अंजना ने राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से उपस्थित लोगों को मानसिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव कराया। कार्या जुनेजा ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। सुरेश जिंदल ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में जितेंद्र जुनेजा, डा.प्रेम, नितिन अरोड़ा, विक्की कत्याल, रविंद्र सैनी, अशोक अरोड़ा, हवा सिंह, अनिल भाटिया, दीपक सचदेवा एडवोकेट, केवल सिंह, नीतू शर्मा, पूनम ढींगरा, सुष्मिता, ज्योति भाटिया, नीतू प्रजापति आदि योग साधक उपस्थित रहे। समापन पर बीके अंजना ने सभी अतिथियों को पौधे एवं प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया।



पानीपत। योग एवं ध्यान कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि व आयोजक ।

### नियमित योग देता है मानसिक संतुष्टि

मुख्य वक्ता बीके किरण समालखा ने कहा कि नियमित योग एवं राजयोग मेडिटेशन से व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से शांत और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनता है। इस अवसर पर डा .दीपेंद्र गहलावत लोटस हॉस्पिटल, सियाराम गुप्ता, डा.नीलिमा आयुष विभाग, पार्षद अजीत प्रजापति तथा सुमित मित्तल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों का तिलक एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत के हुआ। बीके मोनिका, बीके शुभम, व बीके ऋ तु ने अतिथियों का सम्मान किया।

**खबर संक्षेप**

## ऑटो सवार महिला के पर्स से गहने व नकदी चोरी

**अंबाला।** ऑटो में सफर कर रही एक महिला के साथ बैठी दो महिलाओं और उनके साथ मौजूद एक बच्ची ने पर्स चोरी कर लिया। पर्स में दो सोने की अंगूठियां, चांदी की पायल, नकदी और जरूरी दस्तावेज थे। चंदपुरी कॉलोनी की रजनी सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 जून को वह अपने बच्चों के साथ कैंट से अंबाला शहर आने के लिए एक ऑटो में सवार हुई थीं। ऑटो में उनके अलावा दो महिलाएं और करीब 10 वर्षीय एक बच्ची भी बैठी थी। रास्ते में जंडली पुल के पास रजनी ने किराए के लिए अपने बैग से पर्स निकालकर 100 रुपये दिए थे। उस समय तक पर्स बैग में ही मौजूद था। ग्लैक्सी मॉल के पास पहुंचते ही दोनों महिलाएं बच्ची को साथ लेकर ऑटो से उतर गईं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ओमला में खुदाई रुकी, नदी के हिस्से पर किसान का दावा

**अंबाला।** करधान-ब्राह्मण माजरा गांव के बीच से गुजरने वाली ओमला नदी का काम शुरू होने के पहले ही दिन एक घंटे तक काम प्रभावित रहा। एक किसान ने ओमला नदी के कुछ हिस्से को अपना बताकर खुदाई कर रहे पॉकलेन संचालक का विरोध किया। कहा कि वह खेती करने वाली जमीन का मालिक है। सूचना पाकर अंबाला कैंट नगर परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि परमजीत सिंह मौके पर पहुंचे। जिन्होंने किसान को अपनी जमीन के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज लाने को कहा। हालांकि बाद में खुदाई शुरू हो गई थी। शाम तक किसान जमीन से जुड़े कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाया। बता दें कि मानसून को देखते हुए लंबे समय के बाद नहरी विभाग व नगर परिषद की ओर से ओमला नदी में सफाई व खुदाई का काम शुरू किया गया है। हालांकि मौके पर डायल 112 भी पहुंची थी लेकिन चंद ही मिनटों में वापस लौट गई।

## धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी सचिन को काबू किया है। जांच अधिकारी ने बताया कि पीड़ित महिला ने 14 जून 2026 को शिकायत दी थी कि 13 जून 2026 को गोबिंद डायरी कालाअंब स्थित घर में घुस कर सचिन व अन्य ने मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पकड़े गए आरोपी की पहचान सचिन निवासी गांव गलौडी जिला यमुनानगर के रूप में हुई है।

## योग दिवस के उपलक्ष में एसडीएम ने ली मीटिंग

**नारायणगढ़।** 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर एसडीएम शिवजीत भारती ने मंगलवार को उपमण्डल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा सौंपे गए दायित्वों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं निरोगी जीवनशैली अपनाने का एक जन आंदोलन है।

### सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम में हुई मीटिंग, व्यवस्था पर नाराजगी

# रिहायशी कॉलोनियों से गंदगी हटाने पर कसरत, हर वार्ड में बनेगी निगरानी कमेटी

**कमिश्नर बोले, बन चुका है सफाई को लेकर प्लान, जल्द नजर आएगा असर, सदस्यों को हर वार्ड के कर्मचारियों की सूची सौंपी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। महावीर पार्क का मुआयना करती मेयर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर की सफाई व्यवस्था मजबूत करने को लेकर कार्रवाई शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मंत्री असीम गोयल के निर्देशानुसार अंबाला शहर नगर निगम में सफाई व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें मेयर अक्षिता सैनी, निगम कमिश्नर, पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल सहित विभिन्न वार्डों के सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान निगम सदस्यों ने अपने-अपने वार्डों में सफाई व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं और आमजन को आ रही परेशानियों से अधिकारियों को अवगत करवाया। समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तुरंत प्रभाव से निगम के चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर, सेनेटरी इंस्पेक्टर और सफाई कर्मचारियों को तलब किया गया। इस दौरान वार्ड स्तर पर तैनात सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, ड्यूटी व्यवस्था और कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। मेयर अक्षिता सैनी और निगम कमिश्नर ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था में लापरवाही न बरतने और शहर को स्वच्छ रखने के लिए प्रभावी कदम उठाने के सख्त निर्देश दिए। निगम कमिश्नर और रितेश गोयल ने कहा कि आने वाले दिनों में अंबाला शहर की सफाई व्यवस्था में बड़े स्तर पर सुधार देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि सदस्यों को उनके वार्डों में तैनात सफाई कर्मचारियों की सूची उपलब्ध करवा दी गई है ताकि सफाई कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जा सके।उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर सफाई व्यवस्था उपलब्ध करवाना है। इसके लिए वार्ड स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। इस दौरान निगम सदस्य वरिंद्र नाथ,राजेश मेहता,मोनिका कल, शोभा पुनिया,हितेश जैन, भाजपा नेता आशु सैनी,अमन सूद, सुंदर ढींगरा, अभिषेक सहोता व अन्य मौजूद रहे ।

### सफाई पर करोड़ों खर्च फिर भी दिक्कत

अंबाला शहर की सफाई पर नगर निगम की ओर हर साल करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। रिहायशी व व्यवसायिक कॉलोनियों की सफाई के साथ साथ घरों से भी कूड़ा उठवाया जा रहा है। इसके बावजूद लोग गंदगी की वजह से बेहद परेशान हैं। ज्यादातर कॉलोनियों में नियमित सफाई न होने से लोगों को खुद ही अपने पैसों से सफाई करवानी पड़ती है। खासकर कई सार्वजनिक स्थलों पर तो नियमित तौर पर गंदगी के ढेर देखे जाते हैं। नगर निगम चुनाव के दौरान भी ज्यादातर उम्मीदवारों ने सफाई को लेकर ही मुख्य मुद्दा बनाया था। अब देखना होगा कि जीत के बाद निगम सदस्य सफाई पर किसी संजीदगी दिखाते हैं।

### फिर महावीर पार्क का किया दौरा

बैठक के उपरांत मेयर, निगम कमिश्नर, रितेश गोयल और सदस्यों ने शहर के महावीर पार्क का दौरा किया। मौके पर पार्क की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए तुरंत सफाई कार्य करवाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही पार्क के सौंदर्यीकरण और सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। लंबे समय से महावीर पार्क में निर्माण कार्य चल रहा है। मगर अभी तक पार्क में कई निर्माण अधूरे पड़े हैं। कभी खूबसूरती को लेकर महावीर पार्क की चर्चा पूरे जिले में होती थी। मगर समय बीतने के साथ ही पार्क भी अपनी खूबसूरती खो गया। हालांकि निगम की ओर से नए सिरे से पार्क को खूबसूरत व व्यवस्थित करने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि इस पार्क में फिर से लोगों की रौनक लौट सके।

# सीपीएल से पंचकूला बनेगा क्रिकेटिंग हब: मेयर बंसल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता और पंचकूला के मेयर श्याम लाल बंसल ने ताऊ देवी लाल स्टेडियम में चल रही ओमैक्स चंडीगढ़ प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2026 का अवलोकन किया और इसे क्षेत्र में क्रिकेट को नई दिशा देने वाला अनूठा आयोजन बताया। दोनों गणमान्य अतिथियों ने लीग के उच्च स्तरीय प्रबंधन, विश्वस्तरीय सुविधाओं और पेशेवर आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट पंचकूला को एक प्रमुख क्रिकेटिंग हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर जीना सीखो के संस्थापक एवं हिम्स हॉक्स टीम के मालिक आचार्य मनीष भी मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत यूटी क्रिकेट एसोसिएशन (यूटीसीए) के संस्थापक अध्यक्ष एवं बीसीसीआई सदस्य संजय टंडन ने किया। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि क्रिकेट के साथ-साथ दर्शकों और खिलाड़ियों के लिए जिस स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, वह किसी बड़े राष्ट्रीय आयोजन से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पंचकूला में इस प्रकार के भव्य आयोजन खेल संस्कृति को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करेंगे। मेयर श्याम लाल बंसल ने कहा कि चंडीगढ़ प्रीमियर लीग केवल एक क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं, बल्कि पूरे ट्राइसिटी क्षेत्र के लिए एक खेल उत्सव बन चुकी है। सीपीएल के आयोजन से पंचकूला क्रिकेटिंग हब बनने की और अग्रसर हो रहा है ।उन्होंने स्टेडियम में उपलब्ध आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल व्यवस्थाओं, दर्शकों की सहभागिता और आयोजन की बेहतरीन प्लानिंग की प्रशंसा की। मैच के बाद आयोजित पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन समारोह में ज्ञानचंद गुप्ता, श्याम लाल बंसल और आचार्य मनीष ने विजेता टीम तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसस अवसर पर संजय टंडन सहित, यूटीसी के अध्यक्ष सारांश टंडन, शिवालिक विकास बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश देवीसागर सहित अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे।

# पीएम स्वनिधि के 6 वर्ष पूरे, बांटे ऋण स्वीकृति पत्र

- नगरपालिका प्रधान ने लाभार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराडा। ऋण पत्र वितरित करते हुए नपा चेयरमैन रजत मलिक। फोटो : हरिभूमि

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री स्वनिधि (पीएम स्वनिधि) योजना के सफल छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगरपालिका द्वारा आयोजित लोक कल्याण मेले में लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। नगरपालिका प्रधान रजत मलिक ने मेले में पहुंचे पात्र पथ विक्रेताओं को स्वीकृति पत्र सौंपे तथा नए रेहड़ी-फड़ी संचालकों का पंजीकरण भी कराया। कार्यक्रम के दौरान स्वीकृति पत्र प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने सरकार और नगरपालिका का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधान रजत मलिक ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी और ठेला संचालकों के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के माध्यम से जरूरतमंद पथ विक्रेताओं को बिना किसी जटिल प्रक्रिया के आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि छोटे दुकानदार आधुनिक तकनीक का लाभ उठा सकें। मेले में एफएसएसएआई के सहयोग से स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से विक्रेताओं को साफ-सफाई के मानकों और सुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री के बारे में जागरूक किया जा रहा है। मलिक ने सभी स्थानीय पथ विक्रेताओं से आह्वान किया कि वे 30 जून तक आयोजित इस मेले में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं ।

### 30 तक चलेगा मेला

1 जून से 30 जून 2026 तक चल रहे लोक कल्याण मेले में पथ विक्रेताओं को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रुपये तक के ऋण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

# पानी के अवैध कनेक्शनों पर विभागीय कार्रवाई, 32 काटे, सप्लाई प्रभावित

- जन स्वास्थ्य विभाग ने गांव नसडोली में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर



शहजादपुर। पानी के अवैध कनेक्शन काटते विभागीय कर्मी। फोटो : हरिभूमि

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा गांव नसडोली में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु पानी के अवैध कनेक्शनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 32 अवैध पानी के कनेक्शन काटे गए। एसडीओ अंकुश सहगल ने बताया कि गांव के कुछ घरों में पेयजल आपूर्ति देर से पहुंचने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। जांच के दौरान पाया गया कि कुछ स्थानों पर लगाए गए अवैध कनेक्शनों के कारण पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही थी, जिससे अन्य उपभोक्ताओं को समय पर पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा था।

कार्यकारी अभियंता अनिल चौहान ने कहा कि पानी प्रकृति द्वारा दिया गया अनमोल संसाधन है और इसकी प्रत्येक बूंद का संरक्षण करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति पेयजल लाइन पर अवैध कनेक्शन न लगाए। एसडीओ अंकुश सहगल ने कहा कि अवैध कनेक्शन न केवल विभागीय नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि इससे आम उपभोक्ताओं के अधिकारों का भी हनन होता है।

## राज्यस्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में दो खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल पर किया कब्जा, शिक्षकों ने दी बधाई



**अंबाला।** शहर के एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल के छात्रों ने चंडीगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन किया। बैडमिंटन में मास्टर विशाल प्रशांत चौधरी ने कॉम्पटे बैडमिंटन राज्यस्तरीय टूर्नामेंट – अंडर-17 बॉयज़ सिंगल्स में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। मास्टर नीरज जैन ने राज्य-स्तरीय पेनकैक सिलाट टूर्नामेंट – 70-75 किग्रा कैटेगरी में अपना शानदार प्रदर्शन दिखाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया ये दोनों उपलब्धियां छात्रों के समर्पण, अनुशासन और बेहतरीन ट्रेनिंग को दर्शाती हैं। उनकी इस सफलता ने हमारे स्कूल का मान बढ़ाया है। स्कूल की प्रबंधक समिति के सदस्यों प्रधान रजत जैन, उपाध्यक्ष डॉ. विनीत जैन, सचिव हितेश जैन, मैनेजर रितेश जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन, प्रबंधक समिति के सलाहकार रविकांत जैन और प्राचार्या डॉ रेनू गहलावत ने विशाल, नीरज और उनके कोच को बधाई देते हुए भविष्य की प्रतियोगिताओं में उनकी निरंतर सफलता की कामना की। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को मोटिवेट करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भाग लेना चाहिए। आज के समय में बच्चों पढ़ाई से ज्यादा खेलों में देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने कहा कि एसए जैन स्कूल विद्यार्थियों को खेलो में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। जिससे बच्चे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहनीय प्रदर्शन कर रहे है।

# अधिकारी लोगों को दिलवाएं कल्याणकारी योजनाओं का समयबद्ध लाभ : रेखा शर्मा

- राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। प्रदर्शनी का अवलोकन करती राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा।

केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा मंगलवार को प्रदर्शनी लगाई गई। आमजन को इस प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा द्वारा किया गया। उनका यहां पंहुचने पर अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने हार्दिक स्वागत एवं अभिंदन किया। इस अवसर पर अंबाला की मेयर अक्षिता सैनी व भाजपा जिला अध्यक्ष मंदीप सिंह राणा भी मौजूद रहें। सांसद रेखा शर्मा ने सर्वप्रथम प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों से सरकार की योजनाओं बारें जानकारी ली और विभाग द्वारा इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के कार्य की सराहना की।



## लिवासा मेड सेंटर में एडवांस्ड पैट–सीटी का शुभारंभ

**अंबाला।** सिविल सर्जन, मोहाली डॉ संगीता जैन ने मंगलवार को मोहाली के लिवासा मेड सेंटर, मोहाली में अत्याधुनिक पैट –सीटी फैसिलिटी का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीईओ-लिवासा अस्पताल, अनुराग यादव भी मौजूद थे।यादव ने कहा कि इस नई फैसिलिटी से तेज़ी से और ज़्यादा सटीक जांच हो सकेगी और पूरे क्षेत्र के कैंसर मरीजों के लिए पर्सनलाइज्ड इलाज की रणनीतियों में मदद मिलेगी।उन्होंने बताया कि इस टेक्नोलॉजी के जुड़ने से लिवासा का व्यापक ऑन्कोलॉजी इकोसिस्टम मजबूत होगा और मरीजों को घर के पास ही एडवांस्ड डायग्नोस्टिक सेवाएं मिल सकेंगी।सीनियर वाइस प्रेसिडेंट-ऑपरेशन्स, डॉ जितेंद्र अरोड़ा ने कहा कि पैट –सीटी फैसिलिटी हमारी डायग्नोस्टिक क्षमताओं को काफी बढ़ाएगी और मल्टीडिसीप्लिनरी कैंसर केयर को मजबूत करेगी। इससे डॉक्टर ज़्यादा सटीकता और भरोसे के साथ इलाज से जुड़े सही फैसले ले सकेंगे।पैट –सीटी इमेजिंग के क्लिनिकल महत्व पर बात करते हुए डॉ अनुपम गौबा ने कहा, पैट –सीटी ने कैंसर की जांच और इलाज के तरीके को बदल दिया है।

## चोरों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आरोपियों के कब्जे से 30 लाख का सोना चांदी बरामद

**अंबाला।** छावनी की डिफेंस कॉलोनी में हुई चोरी की बड़ी वारदात को पुलिस ने सुलझा लिया है। सीआईए-2 ने मुस्तैदी और आधुनिक अनुसंधानों का इस्तेमाल करते हुए दो शातिर और आदतन अपराधियों को दबोचकर उनके कब्जे से चोरी किए गए लगभग 30 लाख रुपये मूल्य के सोने व चांदी के जेवरात बरामद करने में सफलता हासिल की है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक दलेल सिंह ने बताया कि परिवादी विनय गोयल ने 4 जून 2026 को थाना पंजोखरा में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि 4 जून की दोपहर को वे किसी जरूरी काम से अपने घर से बाहर गए हुए थे। जब वे वापस लौटे तो घर का मुख्य द्वार और अंदर की अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाकर पूरे घर के सामान को खंगाल डाला था और अलमारियों में रखे लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहने चोरी कर लिए थे। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए थाना पंजोखरा साहिब में चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### मंत्री अनिल विज ने निदेशक तिवारी के साथ जांची लाइट एंड साउंड शो की भव्यता

# शहीद स्मारक के ओपन एयर थियेटर पर बिखरेगी शौर्य की रंगीन आभा

**बेहद आकर्षक और डिजिटल अंदाज में रोजाना होगा लाइट एंड साउंड शो, बांधेगा समां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। शहीद स्मारक में खूबसूरत लाइटिंग का बाहरी दृश्य।

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक के ओपन एयर थियेटर प्रदर्शित किए जाने वाले लाइट एंड साउंड शो का अवलोकन किया। लाइट एंड साउंड शो बनाने वाली मुंबई की टीम के निदेशक लेखक एवं कलाकार अतुल तिवारी भी इस दौरान मौजूद रहे। मेमोरियल टॉवर सहित पांच अलग-अलग स्क्रीन पर प्रदर्शित किए जाने वाले लाइट एंड साउंड शो को बेहद अलग अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा। देर शाम इसका अवलोकन करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने टीम को कुछ बिंदुओं पर दिशा-निर्देश दिए।

इसके अलावा उन्होंने बिंदुओं पर भी चर्चा की और दिशा-निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि शहीद स्मारक के ओपन एयर थियेटर में रोजाना लाइट एंड साउंड शो होगा जोकि आकर्षण का केंद्र होगा। लाइट एंड साउंड शो को बेहद आकर्षक अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने लाइट एंड साउंड शो तैयार करने वाली टीम से चर्चा की। शहीदी स्मारक में अंबाला शहर से बाहर जीटी रोड़ पर स्थित है। यहां पर आजादी की पहली लड़ाई से संबंधित चीजे रखी गई है। रंगीन लाइटों और साउंड सिस्टम के माध्यम से इतिहास से जुड़े विभिन्न हिस्सों को बेहद आकर्षक तरीके से प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर शहीद स्मारक के निदेशक डॉ. कुलदीप सैनी, पीडब्ल्यूडी के एसई भूपिंद्र सिंह, एक्सईएन रितेश अग्रवाल, एक्सईएन इलेक्ट्रिकल नवीन राठी व तकनीकी स्टाफ एवं अन्य मौजूद रहे।

### आकर्षण का केंद्र होगा थियेटर

शहीद स्मारक के ओपन एयर थियेटर में प्रदर्शित होने वाला लाइट एंड साउंड शो बेहद आकर्षण का केंद्र होगा। अढाई हजार लोगों की क्षमता वाले ओपन एयर थियेटर में रोजाना शो होगा। यहां पांच अलग-अलग स्क्रीन होगी और थियेटर में बैठकर दर्शकों को गौरवशाली इतिहास देख आनंद की अनुभूति होगी। ओपन एयर थियेटर में 205 फुट ऊंचे कमल के आकार के मेमोरियल टॉवर पर प्रोजेक्शन के जरिए इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा।1857 में आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित शहीद स्मारक बनकर तैयार है। बहुत जल्द इसका उद्घाटन होगा। स्मारक लगभग 700 करोड़ रुपए की लागत से 22 एकड़ में बना है जिसमें 22 गैलरियों में आजादी की पहली लड़ाई से जुड़े इतिहास को विभिन्न माध्यमों से और बेहद आकर्षक तरीकों से प्रदर्शित किया जाएगा।